भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं .1246

(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 08 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

प्रति व्यक्ति आय

1246. श्रीमती माला रायः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक परिवर्तन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान वैश्विक प्रति व्यक्ति आय में परिवर्तन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री

(श्री पंकज चौधरी)

(क): वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक देश की वार्षिक प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (वर्तमान मूल्यों पर) में परिवर्तन का विवरण निम्नानुसार है:

	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (वर्तमान मूल्यों पर ₹ में)	127244	150906	169145	188892	205324
पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (वर्तमान मूल्यों पर प्रतिशत)	-3.9	18.6	12.1	11.7	8.7

स्रोत: सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

(ख): प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के आँकड़े (स्थिर 2021 अंतर्राष्ट्रीय डॉलर में क्रय शक्ति समता पर) विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित विश्व विकास संकेतक डेटाबेस में उपलब्ध हैं। तदनुसार, विवरण निम्नानुसार हैं:

वर्ष	2020	2021	2022	2023	2024
विश्व की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में वार्षिक परिवर्तन (क्रय शक्ति समता पर स्थिर 2021 अंतर्राष्ट्रीय डॉलर में)	-5.3	5.9	2.7	2.5	1.8

(ग): सरकार ने अगले पाँच वर्षों के लिए प्रति व्यक्ति आय के लिए कोई लक्ष्य घोषित नहीं किया है। हालाँकि, विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाते हुए, आय स्तरों में व्यापक संवर्धन में सहायता प्रदान हेतु करने प्रमुख संकेन्द्रण वाले कई क्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें कृषि विकास और उत्पादकता में वृद्धि, ग्रामीण समृद्धि और लचीलेपन को सुदृढ़ करना, समावेशी विकास को प्रोत्साहित करना, विनिर्माण को बढ़ावा देना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सहायता प्रदान करना, रोज़गार-आधारित विकास को सक्षम बनाना, जनसामान्य, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना, विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना, निर्यात को बढ़ावा देना और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल हैं।

****